हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जून 2026




# चुनावी मोड में भाजपा...हर महीने बूथ से लेकर मंडल तक बैठक करने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश भाजपा संगठन ढाई साल पहले ही अभी से चुनावी मोड में आ गया है। भाजपा ने 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है कि अब बूथों से लेकर जिलों में हर माह बैठक की जाएगी। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी। इसका प्रारंभ भी इस माह से हो गया है। पहले तीन सप्ताह में जिलों, मंडल और शक्ति केंद्रों की बैठक हो चुकी है।

अब माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के बाद सभी बूथों में बैठक होगी।

अलग खबर

## बैठक में आगामी चुनावों को देखते हुए बनाई जाएगी रणनीति, कमजोर बूथों पर होगा फोकस

### हर माह बैठक की रणनीति

भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत कर भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार कर कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा का उन तीन हजार नए बूथों पर भी बड़ा फोकस है।




### हर स्तर के लिए दिन भी तय

अब इस माह से भाजपा का बैठकों की दौर प्रारंभ हो गया है। इसमें बूथों को लेकर खास मंथन किया जा रहा है। किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं, जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार कर इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठकों के लिए क्रम भी तय किया गया है। हर माह के पहले सप्ताह में मंडलों की बैठक होगी। दूसरे सप्ताह में जिलों और तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। अंत में बूथों की बैठक चौथे सप्ताह में ही होगी। इस माह तीन स्तर की बैठकों के बाद अब अंत में बूथों की बैठक का नंबर है। बूथों में बैठक के पहले मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना जाएगा।

इसमें बूथों की स्थिति पर मंथन होगा। भाजपा का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के हर बूथ को विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत करने पर है। भाजपा की चुनावों को लेकर हमेशा से ही अलग रणनीति रहती है। भाजपा किसी भी राज्य में चुनाव की तैयारी काफी पहले से प्रारंभ कर देती है। अप्रैल और मई में पांच राज्यों के चुनाव के बाद भाजपा ने अभी से 2027 और 28 में जिन भी विधानसभाओं में चुनाव होने हैं, उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में 2028 में विधानसभा चुनाव होगा। इसके लिए अभी करीब ढाई साल का समय है, लेकिन यहां पर अभी से तैयारी करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इधर जून महीने के अंतिम रविवार को बूथों की बैठक के पहले प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना गया।


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## प्रदेश के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग तैयार कर रहा नया कैलेंडर

# अगले सत्र अप्रैल से पढ़ाई शुरू करने इस बार फरवरी में हो जाएगी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के शासकीय स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। वहीं अगले साल से अप्रैल महीने में शिक्षा का नया सत्र शुरू करने की कवायद को लेकर भी कार्ययोजना बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। यही कारण है कि हर साल मार्च-अप्रैल में होने वाली स्थानीय परीक्षाएं इस बार फरवरी महीने में ही संपन्न करा ली जाएगी। वहीं मार्च में परिणाम जारी कर अप्रैल से नया सत्र शुरू हो जाएगा।

इसके साथ ही विभाग ने पूरे साल का शैक्षणिक कैलेंडर और परीक्षाओं का पूरा खाका भी तैयार कर लिया है। जिससे समय पर पाठ्यक्रम पूरा किया जा सके। शैक्षणिक सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए परीक्षाओं की समय-सीमा पहले से ही तय कर दी गई है। इस बार विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षाएं 15 सितंबर से पहले आयोजित कर ली जाएगी। जिससे शुरूआती पाठ्यक्रम का मूल्यांकन समय पर हो सके। इसके बाद विद्यार्थियों की छैमाही परीक्षाएं 15 नवंबर से पहले संपन्न कराने का लक्ष्य रखा गया है। बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए मुख्य परीक्षा से पहले एक विशेष प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जो 15 दिसंबर से पहले पूरी कर ली जाएगी। वहीं गैर-बोर्ड कक्षाओं यानी पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं, नवमीं और ग्यारहवीं जैसी लोकल कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं आगामी साल के फरवरी महीने में आयोजित की जाएंगी।

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने के लिए पिछले साल की तरह ही इस बार भी शिक्षा विभाग छात्रों के लिए विशेष ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने जा रहा है। इन डिजिटल कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थी घर और क्लास में बैठे ही कठिन विषयों का रिवीजन कर सकेंगे और शिक्षकों से अपनी शंकाओं का समाधान पा सकेंगे। इस पूरे शैक्षणिक अभियान और ऑनलाइन कक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए बख्शी स्कूल, म्युनिसिपल स्कूल और स्टेट स्कूल शामिल हैं।

## स्कूलों में इस सत्र सवा लाख बच्चों के दाखिले की उम्मीद

**खास बातें**

- तिमाही, छैमाही के साथ वार्षिक परीक्षाओं का भी बदलेगा समय
- अगले सत्र अप्रैल से शुरू हो जाएगी स्कूलों में नए कक्षा की पढ़ाई



### सवा लाख बच्चों का दाखिला

शिक्षा विभाग के अनुमान के मुताबिक इस बार जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में लगभग सवा लाख बच्चों का प्रवेश हो सकता है। इस बड़ी संख्या को देखते हुए स्कूलों में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है, ताकि नए आने वाले छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही विभाग का मुख्य फोकस इस बार केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने पर नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर विषय की गहरी समझ विकसित करने पर है।

### कैलेंडर तैयार कर रहा विभाग

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तर से निर्देश मिलने के बाद जिला शिक्षा विभाग भी अपना वार्षिक कैलेंडर तैयार करने में जुटा हुआ है। बताया गया कि अगले सत्र एक अप्रैल से पढ़ाई शुरू करने का टारगेट रखकर इस बार का वार्षिक कैलेंडर बनाया जा रहा है। जिसके अनुसार न केवल वार्षिक परीक्षा फरवरी में आयोजित होगी, बल्कि तिमाही-छैमाही के साथ ही प्री-बोर्ड परीक्षांए भी करीबन एक महीने पहले आयोजित की जाएगी।

# जमीन दिलाने के नाम पर साढ़े तीन लाख ठगे




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सस्ते दाम में जमीन दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से 3.50 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तरूण निषाद निवासी ग्राम धामनसरा पुलिस चौकी सुरगी ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2021 में आरोपी दुर्गेश यादव अपने मौसा के घर ग्राम धामनसरा में जमीन की खरीद-फरोख्त का कार्य करता था। इसी दौरान दोनों के बीच परिचय एवं मित्रता हुई।

**बाइक व मोबाइल जब्तः** आरोपी की निशानदेही पर धोखाधड़ी की रकम से खरीदी गई एसपी-125 मोटर साइकिल एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, सउनि गोवर्धन देशमुख, प्रशिक्षु उप निरीक्षक हीरामणी, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक अतहर अली, आरक्षक कुश बघेल एवं थाना बसंतपुर के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### मोबाइल में दिखायी जमीन

आरोपी ने अपने मोबाइल में जमीन की तस्वीरें दिखाकर प्रार्थी को सस्ते दाम में जमीन दिलाने का झांसा दिया तथा जमीन की कीमत 3,50,000 रुपए बताई। आरोपी ने विभिन्न किस्तों में फोन के माध्यम से कुल 3,50,000 रुपए प्राप्त कर लिए, लेकिन न तो जमीन दिलाई और न ही रकम वापस की। इस प्रकार आरोपी ने छलपूर्वक प्रार्थी से 3.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। प्रकरण में थाना बसंतपुर में धारा 420 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### पुलिस टीम गठित

मामले की गंभीरता को देखते आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उसे जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### आज मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीर जयंती के उपलक्ष्य में कल 29 जून को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल किया जाएगा।

### स्थापना दिवस आज

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल का 30वां स्थापना दिवस समारोह कल 29 जून को सुबह 10 बजे आयोजित होगा। इस समारोह में विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ. शशांक शर्मा एमबीबीएस, एमडी एनेस्थेसियोलोजी, डॉ. विमल अग्रवाल एमबीबीएस, डी आर्थो, एमएस, एफएनबी (स्पाइन सर्जरी) तथा डॉ. राम तिवारी बीडीएस, एमडीएस, प्रोफेसर, एचओडी श्री बालाजी इंस्टीटयूट ऑफ डेंटल साइंस रायपुर को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का सम्मान होगा।

### माई एंगल




# स्कूल बसों की जांच, खामियों को दूर करने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

यातायात पुलिस टीम द्वारा स्कूल बसों की जांच की गई। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों की समझाईश दी गई। वरिष्ठ अफसरों के निर्देशन में यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन एवं टीम द्वारा जिला के कुल 15 स्कूल बसों की चेकिंग किया गया।

बसों में दस्तावेज सही पाया गया। साथ ही अन्य छोटी-छोटी गलतियों को सुधार कर शपथ पत्र के साथ 15 दिवस उपरांत पुनः चेक करवाने की समझाइश दिया गया। साथ ही गाईड लाइन के बारे में स्कूल बसों के चालकों को जीपीएस, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, आपातकालीन दरवाजा को खोलना, प्राथमिक उपचार करना, बच्चों को सुरक्षित घर तक पहुंचाना, बस को चालू करने के पहले दरवाजा को बंद रखने।

### सीट बेल्ट जरूर पहने

बस रूकने के बाद दरवाजा खोलकर बच्चों को सुरक्षित उतारने, टोल फ्री नंबर बसों पर लिखा हो, नशे की हालत में वाहन ना चलाने, हमेशा सीट बेल्ट लगाकर बस चलाने, स्कूल बस पीला रंग का हो, नवीन नंबर प्लेट पीला रंग में काला रंग से अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में स्पष्ट लिखवाने, बस में सामने स्कूल के नाम स्पष्ट बड़े-बड़े अक्षरों से लिखा हो, वर्दी-जूता पहनकर स्कूल बस का संचालन करने आदि सभी नियमों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को सुरक्षित रखें।

## अल्पवर्षा से लगातार पिछड़ रही खेती, तापमान में भी कमी नहीं

# सूखा बीत रहा जेठ, तीन दिन बाद आषाढ़ माह का आगाज, अच्छी बारिश की आस में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बदलते मौसम के साथ ही 30 जून से आषाढ़ माह प्रारंभ हो रहा है। बेहतर बारिश का इंतजार कर रहे अंचल के किसानों को इस माह से काफी उम्मीदे है। जिससे किसानी कार्य रफ्तार से शुरू हो सके।

ज्ञात हो कि इस वर्ष अधिक मास के कारण जेठ माह 2 मई से प्रारंभ हुआ। जिसका समापन 29 जून को होगा। इस दौरान ज्येष्ठ का अधिक मास 12 मई से 15 जून तक रहा है। इधर नौतपा के समापन 2 जून के बाद से अंचल के किसानों की पैनी नजर मौसम पर बनी हुई है। अब तक किसानों के आशानुरूप बारिश नहीं हो पाई है। जबकि किसानों ने लगभग माहभर पहले से ही किसानी की प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी थी।

### प्रदेश में सबसे गर्म

राजनांदगांव जिला लगातार प्रदेश में सबसे गर्म जिला बना हुआ है। रविवार को जारी आंकड़ो के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री एवं न्यूनमत पारा 24 डिग्री पर रहा। हालांकि जिले के कई इलाकों में रविवार को बारिश भी देखी गई।



### मांगलिक मुहूर्त, पर्व से उत्साह

आषाढ़ माह में व्रत तैयारों के साथ ही वैवाहिक मुहूर्तो का भी योग बना हुआ है। पंचाग के मुताबिक जुलाई माह में 1, 2, 6, 7, 8, 11 तारीख को शुभ मांगलिक मुहूर्त है। वहीं इस माह में 16 जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा, 23 जुलाई को देवशयनी एकादशी एवं 29 जुलाई को गुरूपूर्णिमा, आषाढ़ पूर्णिमा है। इस माह जहां मांगलिक आयोजनों का भी क्रम बना रहेगा। वहीं पर्वों के चलते श्रद्धा-भक्ति का भी वातावरण रहेगा। जिससे लोगों में उत्साह बना हुआ है।

### मौसम से राहत की उम्मीद

ज्येष्ठ माह के समापन और आषाढ़ माह के आगमन को लेकर किसानों के बीच बेहतर बारिश की उम्मीद जगी है। बेहतर बारिश के अभाव में अब तक कई किसानों ने खेतों में बीज बुआई का कार्य शुरू नहीं किया है। आषाढ़ माह 30 जून से प्रारंभ हो रहा है। जिसका समापन 29 जुलाई को होगा, जिसे लेकर किसान सहित आम लोगों में उत्साह का वातावरण होगा। इस माह भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद भी जताई जा रही है। आषाढ़ माह में किसानी कार्य में तेजी आने के संकेत हैं।


कमर्शियल प्लाट बेचना हैं
12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।
- संपर्क करें -
7770999355
9302526909




संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट • जहर का सेवन • लीवर फेलयर • किडनी फेलयर • हार्ट अटैक • ब्रेन हेमरेज • पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन • बांझपन का ईलाज • मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज • गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज • नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### खजरी में सीसी रोड का भूमिपूजन

**पटेवा।** ग्राम पंचायत खजरी में विधायक निधि से स्वीकृत पांच लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। इस दौरान आशीष वर्मा, पुसऊराम वर्मा, नारायण वर्मा, दानीराम वर्मा, दीपक साहू, तीरथराम यादव, मनोज वर्मा, सरपंच किरण रविलाल यादव, उपसरपंच संतकुमार ठाकुर मौजूद थे। इस दौरान श्रीमती बघेल सहित किरण रवि लाल यादव, पुसऊ वर्मा, आशीष वर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्णिमा पटेल, विनिका ठाकुर, लेखराम वर्मा, ओमकार वर्मा, तीरथ यादव, मनोज यादव, कुंजलाल ठाकुर, बाबूलाल कुर्मी, मोतीलाल यादव, कुंभकरण वर्मा, मनहरण कुर्मी आदि उपस्थित थे। संचालन रोहित निर्मलकर ने किया।



### तीन साल पहले बनी सड़क जर्जर

**डोंगरगढ़।** पालिका क्षेत्र में 3 साल पहले बनी सडक जर्जर हो गई है। बरसात के पहले लोग सडक पर हुए गड्ढे को मलमे से पाट कर मरम्मत करने में लगे है। उल्लेखनीय है कि रेल्वे स्टेशन बुधवारी सड़क का निर्माण लगभग 2 करोड की लागत से किया गया था। सड़क पर भारी वाहनों के नहीं चलने के बाद भी कई जगहों पर उखड़ गई है। सड़क निर्माण के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमित छाबडा ने कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए सड़कक की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था। उन्होंने मामले की शिकायत कर जांच भी कराई थी किंतु 6 माह बाद ठेकेदार को क्लींन चिट देते हुए पूरा भुगतान कर दिया गया। वर्तमान में श्रीराम हास्पिटल से खालसा स्कूल, गुरूद्वारा तक सड़क जर्जर हो चुकी है। वहीं जय स्तंभ चौक, नगर पालिका कार्यालय सड़क भी जर्जर स्थिति में है।



### चढ़ावा घोटाले की पूरी जांच व कार्रवाई होः विष्णु

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने श्रीराम मंदिर में हुए चढ़ावा घोटाले को लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए पूरे मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई श्रद्धा और विश्वास के साथ दान करते हैं किन्तु चढ़ावे में गड़बड़ी की जाती है तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की गिरफ्तारी का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रस्ट से जुड़े जिम्मेदार व्यक्तियों की भी जांच होना चाहिए। उन्होंने चढ़ावे एवं दान राशि का स्वतंत्र सामाजिक एवं वित्तीय ऑडिट कराने की भी मांग करते हुए सभी धार्मिक स्थलों पर डिजिटल लेखा प्रणाली लागू करने का सुझाव दिया है।

### कालकापारा बूथ में सुनी गई मन की बात

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम के 135 वें संस्करण का कालकपारा बूथ क्रमांक 142 में सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान मन की बात कार्यक्रम प्रभारी विशु खांडेकर उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित, जनकल्याण, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत और नागरिक सहभागिता जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किया। इस दौरान सुमित मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी, जयकांत सिन्हा, देव वर्मा, सावन टेम्बुरकर, आकाश राजपूत, विक्रांत राजपूत एवं जयंत साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



### प्रवेशोत्सव में मिठाई वितरण

**खड़गांव।** शनिवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया। छात्र छात्राओं को तिलक लगाते हुए मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में प्रिंसिपल डॉ हेमलता दास, जनपद सदस्य साहिदा खान, सरपंच रमिला ध्रुवे, पूर्व सरपंच गजराज ठाकुर, दुर्गा गुप्ता, अनिता देवांगन, नीलिमा जैन आदि शामिल हुए।



### भाजपाइयों ने किया मन की बात का श्रवण

**छुरिया।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं पार्षद ने रविवार को पूर्व नपं अध्यक्ष सीमा सिन्हा के निवास पर मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। इस दौरान भाजपा नेता सहित भाजयुमो पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### पुलिस चला रही जागरुकता अभियान

**खडगांव।** सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, फेसबुक आदि के माध्यम से बढ़ते ठगी के मामले को देखते हुए पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस बाहर से आए लोगों, किरायेदार आदि की जानकारी एकत्रित किया जा रहा है ताकि अपराध होने पर शिनाख्त आसानी से की जा सके। पुलिस विभाग के अब्दुल रियाज ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी सहित अन्य अपराध देखने मिल रहे हैं जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है। महिला आरक्षक सुषमा मंडावी को तिरंगा चौक का ईबी बिट मिला है। उन्होंने गत दिनों तिरंगा चौक के व्यापारिक प्रतिष्ठान में जाकर व्यवसाय की जानकारी लिया है। उन्होंने लोगों को बताया कि कोई परेशानी या समस्या होने पर तत्काल फोन पर सूचित कर सहयोग लिया जा सकता है। पुलिस विभाग की वर्तमान गतिविधियों को लेकर आमजनों सहित व्यापारियों में उत्साह देखने मिल रहा है।



### गंदगी के बीच आवाजाही करने मजबूर नागरिक

# सफाई व्यवस्था चरमराई, नाली का कचरा फैल रहा सड़कों पर

## शहर में लगातार बढ़ रही अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत क्षेत्र में बरसात के पूर्व नालियों की सफाई नहीं होने का खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है। नालियों में कचरा और गाद जमा होने के कारण गंदे पानी की निकासी बाधित हो गई है, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। नालियों की गंदगी बरसाती पानी के साथ सड़कों पर फैल रही है, जिससे आवागमन करने वाले लोग गंदगी लांघते हुए आवाजाही करने मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत द्वारा खानापूर्ति करते हुए सफाई की जा रही है, लेकिन नालियों पर बने स्लैब के नीचे जमा गंदगी की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्लैब के नीचे कचरा फंसने के कारण पानी का बहाव रुक गया है। शनिवार को हुई तेज बारिश ने नगर पंचायत के दावों की पोल खोलकर रख दी है। वार्ड 2 में झम्मन यादव के घर के पास वाली गली में जलजमाव की स्थिति बन गई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाली पर बने स्लैब के नीचे कचरा जमा होने से निकासी बंद हो गई है। इसी प्रकार वार्ड 4 के गोड़ पारा स्थित नवधा मंच के सामने रोड़ क्रास करती नाली पर बने स्लैब की सफाई नहीं होने से जलभराव हो रहा है।

#### नाली की दीवार ऊंची

वार्ड 4 में बनाई गई नाली की दीवार के ऊँची होने के कारण बरसाती पानी का बहाव अवरुद्ध होने से सड़क पर जलभराव होने लगा है। वार्ड 3 के विवेक नामदेव के घर के सामने नाली की ऊँचाई अधिक होने के कारण जलभराव होने लगा है। यह स्थिति बीते कुछ सालों से है परंतु नगर पंचायत के जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



#### हमेशा जलभराव से दिक्कत

सराफा व्यवसायी रितेश अग्रवाल ने बताया कि स्टेट बैंक के सामने निकासी का साधन नही होने के कारण जलभराव हो जाता है जिसके कारण आने जाने में तकलीफ होती है। नगर पंचायत को चाहिए कि जल्द पानी निकासी की व्यवस्था बनाए।

#### सड़क पर पानी का भराव

सबसे चिंताजनक स्थिति गंडई से पंडरिया मार्ग पर स्टेट बैंक के सामने है। यहां मामूली बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। सड़क के किनारे जल निकासी की व्यवस्था न होने और सड़क के दोनों तरफ की जमीन ऊँची होने के कारण पानी सड़क पर ठहर जाता है। यह मुख्य मार्ग होने के कारण हर दिन सैकड़ों लोग आवागमन करते है जिन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जलभराव होने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। लोगों ने कहा है कि समय रहते स्लैब के नीचे की सफाई नहीं की गई और स्टेट बैंक के पास जल निकासी का प्रबंध नहीं किया गया तो समस्या और विकराल हो सकती है।

#### सफाई कराए प्रशासन

मोहल्ले के संजय यादव ने बताया कि तेज बारिश में सड़क पर तलाब जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। लोगों को गंदगी के बीच आना जाना करना पड़ा। नगर पंचायत को चाहिए कि वह स्लैब के नीचे नाली की सफाई करें ताकि यह स्थिति दोबारा निर्मित न हो।

#### व्यवस्था किया जाएगा दुरूस्त

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि कर्मचारी भेज कर सफाई कराया जाएगा। स्टेट बैंक के सामने सड़क पर पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था बनाया जाएगा।

## नदियों से रेत की अवैध निकासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ मुरूम और रेत का गोरखधंधा शबाब पर

खनिज और राजस्व विभाग की नाकामी के चलते समूचे क्षेत्र में खनिज का गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है। खनिज माफिया निरंकुश होकर रेत और मुरूम के बेजा खनन में लगा है और पूरा प्रशासन बेबस होकर चोरी होते देख रहा है। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक उदासीनता के कारण खनिज की लूट मची है। लोग मुरूम का खनन कर जमीन को खोखला तो कर रहे हैं साथ ही नदियों को छलनी करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि विभिन्न स्थानों से रेत और मुरूम का दिनदहाड़े परिवहन होने के बाद भी पटवारी, आरआई सहित खनिज विभाग के कर्मचारियों आंखे बंद कर बैठा है।

#### खोखली होती जमीन

हाल में ग्राम पंचायत खुर्सीपार में मुरूम खनन का मामला सामने आया है। इससे पहले बीजभांठा में मुरूम का खनन किया जा रहा था। बताया जाता है खनिज माफिया की जन प्रतिनिधियों के साथ सेटिंग होने के कारण अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं।

#### उगाही को संरक्षण

हाल के दिनों में राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा खनिज माफिया से अधिकारियों के नाम पर उगाही करने का मामला सामने आया था। खनिज परिवहन संघ ने मामले की शिकायत जिला से लेकर राजधानी तक किया किंतु अब तक द्रोषियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस मामले में जिन कर्मचारियों के नाम सामने आए थे उन पर पहले भी उगाही करने का आरोप लग चुके हैं।

#### नदियों की बिगड़ती सूरत

अब तक बारिश नहीं होने से किसान भले ही चिंतित है किन्तु खनिज व्यवसाय से जुड़े लोग काफी खुश है। नदियों में पानी नहीं होने के कारण रेत की निकासी करने का उन्हे भरपूर मौका मिल रहा है। इन दिनों अड़ाम और सागिनकछार के बीच बहने वाली नदी से रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है।

## महिलाओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**गंडई पंडरिया।** गंडई महिला मोर्चा ने वार्ड 14 के बूथ क्रमांक 92 में मंडल अध्यक्ष अंजली देवांगन के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक बूथ पर पांच कमल सखी बनाने और डिजिटल लर्निंग प्रोग्विशेष चर्चा की गई। इस दौरान मंडल प्रभारी अनुभा जैन, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा चौबे सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थी।



### छिराहीडीह में जस जुड़वास सम्मेलन 1 से

**गंडई पंडरिया।** ग्राम छिराहीडीह में दो दिवसीय देवी शीतला जुड़वास सम्मेलन का आयोजन आगामी एक जुलाई से रखा गया है। यह आयोजन का 20 वां वर्ष है। इस धार्मिक आयोजन में कृषि उपज मंडी गंडई के पूर्व अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 1 जुलाई को कलश यात्रा एवं ज्योति प्रज्जवलन के साथ होगी। आगामी 2 जुलाई को हवन, पूजन एवं महाप्रसाद वितरण होगा। दो दिवसीय महोत्सव में ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रथम दिवस 1 जुलाई को रात्रि 7 बजे से जय मां शीतला बाल धरोहर जस झांकी मंडली, मुड़माड़ुर, राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 2 जुलाई को शाम 5 बजे जस सम्राट पूरन साहू के भजनों की प्रस्तुति होगी। रात्रि 6 बजे से लोक गायिका कविता वासनिक देवी जस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।

### जनप्रतिनिधियों ने अभियान का किया आगाज, सभी से सहभागिता की अपील

# नौनिहाल बच्चों को अभियान चलाकर पिलाया गया पोलियो ड्राप











हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को 5 साल आयु तक के बच्चों को ड्रॉप पिलाया गया। ड्रॉप पिलाने के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित उप स्वास्थ्य केंद्रों में इंतजाम किए गए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने बच्चों को ड्रॉप पिलाकर किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि बच्चों को विकलांगता से बचाने के लिए ड्रॉप पिलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अपने दायित्व को पूरा कर रहा है किंतु अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को ड्रॉप पिलाने के लिए केंद्र तक लेकर जाए। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को ड्रॉप पिलाने का आह्वान किया। श्री गांधी ने बड़गांव चारभांठा में भी अभियान की विधिवत शुरुवात की। इस दौरान रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, गुलशन हिरवानी, पार्षद कोमल साहू, जिला महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष हीना मंगल जैन, जीवन दीप समिति के सदस्य संदीप जैन, दिव्यांश जैन, गौरव यदु, नीलिमा सिन्हा, मीना यादव, सरपंच ज्योति साहू, खेमु मसिया, यादवराम साहू, डोमन देवांगन, जितेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

#### बच्चों को पिलाया पोलियों की दवा



**सड़क अतरिया।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर रविवार को क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य, उपस्वास्थ्य केन्द्र आदि जगहों पर पांच साल तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाया गया। मितानिनों ने सभी बच्चों को केन्द्र लाने में अहम भूमिका निभाई। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को दवा पिलाकर अन्य को दवा के फायदे बताया। नर्मदा चौक सहित अन्य जगह बस आदि से सफर कर रहे बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई थी। विभाग के कर्मचारी एवं मितानिन कल सोमवार को छूऐ हुए बच्चों को घर जाकर दवा पिलाएंगे।

**तुमडीबोड़।** ग्राम में पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। ग्राम की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को ड्रॉप पिलाया गया। जो बच्चे केंद्र नहीं आ सके उन्हे मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर जाकर दवा पिलाया। ग्राम के मुख्य स्थानों में बूथ लगाकर पोलियो की खुराक पिलाई गई।

#### जनप्रतिनिधियों ने पिलाई दवा

**गंडई पंडरिया।** गंडई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने पोलियो बूथ का उद्घाटन किया। इसी प्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार ने बूथ में नन्हे-मुन्नों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत भगत सिंह चौक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्षद रेखा राजेश राघौते ने बच्चों को पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। अभिभावकों से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद थे।

**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सरपंच ललित साहू ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। इस अवसर पर फलेश्वरी साहू, ओमबाई साहू, रेखा क्षत्री, ललिता साहू, आशो साहू उपस्थित थी। इस मौके पर 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

## खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस का आंदोलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

■ कांग्रेसजनों ने की आंदोलन की व्यापक तैयारियां

खाद की किल्लत और बिजली सहित आम उपभोक्ता वस्तुओं के आए दिन बढ़ते दाम को लेकर कल 29 जून को विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में कांग्रेस ने विधानसभा स्तरीय आंदोलन का आव्हान किया है। आंदोलन प्रभारी और किसान नेता गुलाब वर्मा ने बताया कि खेती के सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है। वही बीते ढाई साल में भाजपा सरकार ने उपभोक्ताओं को बिल में मिलने वाली छूट को समाप्त करने के साथ चार बार दाम बढ़ा दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने उपरोक्त मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा सभा और आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस नेता श्री वर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस टिकेश साहू, पंचराम चंदेल, नरेश उइके, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने किसानों, नागरिकों एवं कांग्रेसजनों से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**कार्रवाई : ग्राम खरहट्टा में अवैध रेत का भंडारण, 2600 घन मीटर जब्त**

# बारिश में रेत से तेल निकालने की मंशा से जमकर कालाबाजारी, अवैध रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर सहित जिलेभर में इन दिनों कई लोग रेत की कालाबाजारी करने में जुटे हैं। हैरानी की बात यह है कि खुलेआम की जा रही इस कालाबाजारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसके चलते कवर्धा शहर सहित जिले के ग्रामीण और यहां तक की वनांचल ईलाकों में भी जहां तहां रेत के टीले नजर आ रहे हैं। हालांकि इस काला बाजारी के खिलाफ रविवार को प्रशासन ने शिकवा शिकायत के आधार पर संभवतः पहली कार्यवाही करते हुए ग्राम खरहट्टा से 2600 घन मीटर रेत जब्त की है।

उल्लेखनीय है कि कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में बड़ी संख्या में हो रहे सरकारी तथा गैर सरकारी निर्माण कार्यो के चलते रेत की जबरदस्त मांग है। लेकिन मांग के अनुरूप कवर्धा क्षेत्र में अच्छी क्वालिटी की रेत का कोई स्त्रोत नहीं है। जिसके चलते रेत दूसरे जिलों से यहां लाई जाती है। लेकिन माना जा रहा है कि दूसरे जिलों की नदियों से निकालकर यहां लाई जा रही रेत भी ज्यादा दिनो तक नहीं निकल पायेगी जैसे ही वर्षाकाल प्रारंभ होगा और नदियों का जल स्तर बढ़ने से रेत की सभी खदाने नदी में समा जायेंगी और फिर रेत निकालने का कार्य बंद हो जायेगा।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कवर्धा नगर के कुछ मौका परस्त भवन निर्माण सामग्री विक्रेता और कारोबारी बड़ी मात्रा में रेत की खरीदी कर रहे है और खरीदी गई रेत को नगर के मुख्य मार्गो के किनारे से लेकर शहर के खाली पड़े प्लाटों, खेत, खलिहानो में डंप करा रहे है ताकि वर्षाकाल में जब नदियों से रेत निकलना बंद हो जाए तो वे इसे सामान्य से अधिक दाम पर जरूरतमंदों को बेंचकर रेत से तेल निकालते हुए चौखी कमाई कर सकें। एक अनुमान के मुताबिक अभी तक कवर्धा नगर में मौका परस्त भवन निर्माण सामग्री विक्रेता और कारोबारियों द्वारा लाखों रूपए की रेत डंप कराई जा चुकी है।

### जिले में जमकर अवैध रेत खनन

जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा की तरह जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में रेत का खेल चल रहा है। यहां भी मौका परस्त रेत के कारोबार से जुड़े लोग मानसून के सक्रिय होने के पूर्व स्थानीय नदी, नालों से बड़ी मात्रा में अवैध ढंग से रेत खनन कर उसे सुरक्षित कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक जिले के बोड़ला तथा पंडरिया क्षेत्र के नदी नालों में से प्रति सैकड़ो ट्रेक्टर ट्राली रेत निकाली जा रही है।



### कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

ऐसा नहीं है कि जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में चल रहे इस अवैध रेत खनन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। गाहे बगाहे वन विभाग इस पर कार्यवाही करते दिखाई देता है लेकिन यह सिर्फ खानापूर्ति कार्यवाही है। जबकि इस अवैध खनन से खनिज विभाग को मानो कोई सरोकार ही नहीं है। खनिज विभाग तो जिला मुख्यालय कवर्धा तक में यह जानने की जहमत नहीं उठाता कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में यहां रेत कहां से आ रही है।

### राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम पहुंची

खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम खरहट्टा में अवैध रूप से भंडारित रेत के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 2600 घन मीटर रेत जब्त की। खनिज विभाग को प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित रेत पाए जाने पर उसे नियमानुसार जब्त कर लिया गया। विभाग द्वारा मामले में खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आगे भी नियमित जांच और कार्रवाई जारी रहेगी।

# सांसद ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत वनांचल ग्राम छुहीनाला व चोरभट्ठी में विभिन्न विकास निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उन्होंने ग्राम छुहीनाला में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण किया और ग्राम चोरभट्ठी में शासकीय प्राथमिक शाला भवन व अटल डिजिटल केंद्र भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन आंगनबाड़ी भवन हमारे नौनिहालों के बेहतर पोषण, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास का आधार बनेगा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह प्राथमिक शाला भवन हमारे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा, वहीं अटल डिजिटल केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं, सूचना एवं तकनीकी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार सभी वर्गों की चिंता कर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। सभी क्षेत्रों का विकास हो रहा है।

सांसद पांडेय ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वैष्णव, जयराम साहू, पूर्व जिपं अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, जिपं सदस्य राजकुमार मेरावी, रामकिंकर वर्मा, कांशीराम उइके, विकास पांडेय, नरेश चंद्रवंशी, नरेश साहू, राजेश साहू, अमित वर्मा, टेकराम चंद्रवंशी, हुतेंद्र चंद्रवंशी, मनोज नायक, सुनील मानिकपुरी, सरपंच सुकलाल मेरावी, अन्य पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर (जंगल) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों से स्वागत कर उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रबंधन समिति से जुड़ी मातृशक्तियों द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं की आरती उतारकर, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर की गई। वहीं मुख्य अतिथि मनीराम छेदावी एवं विशिष्ट अतिथि लाला राम साहू ने नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण करते हुए कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक ईशाक मोहम्मद खान ने की। उन्होंने विद्यालय की वर्तमान स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शालेय सुविधाओं तथा आवश्यकताओं की जानकारी देते हुए इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

# राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स प्रशिक्षण में स्काउट लीडर्स ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार 18 से 22 जून 2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स प्रशिक्षण शिविर में कबीरधाम जिले के चार रोवर स्काउट लीडर्स ने सक्रिय सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण शिविर में फर्स्ट एड स्पेशल कोर्स सहित विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। फर्स्ट एड प्रशिक्षण के दौरान जिले के प्रतिभागियों ने पट्टी बांधना, ड्रेसिंग, स्ट्रेचर का उपयोग, जलने, कटने, बिजली का झटका लगने, सर्पदंश, दुर्घटना, आग लगने एवं डूबने जैसी आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार से संबंधित गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने हरियाणवी एवं कर्मा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभवों और कौशल को जिले के स्काउट-गाइड विद्यार्थियों तक पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया गया। कबीरधाम जिले का प्रतिनिधित्व शासकीय हाई स्कूल घोंघा के राजेश कुमार साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दामापुर बाजार के ओमप्रकाश दिवाकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला के मनोज कुमार मिश्रा तथा कुंडा के मितेश मिश्रा ने किया।

सभी प्रतिभागियों के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एफ.आर. वर्मा तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंतर्जातीय विवाह के बाद समाज से बहिष्कार का आरोप, दो युवकों ने पुलिस से लगाई गुहार

- अर्थदंड वसूली, कार्यक्रम रोकने और धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के गंधर्व समाज के दो युवकों ने अंतर्जातीय विवाह के बाद समाज के कुछ पदाधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना, अर्थदंड की वसूली और सामाजिक बहिष्कार का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाना कवर्धा में देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कुटेली निवासी दीपक गंधर्व ने शिकायत में बताया कि अंतर्जातीय विवाह के बाद उसने स्वयं समाज को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद समाज की ओर से उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

आरोप है कि दंड की आधी राशि जमा करने के बावजूद उसके परिवार को लगातार प्रताड़ित किया गया और सामाजिक कार्यक्रमों में बाधा पहुंचाई गई। दीपक गंधर्व का आरोप है कि उसके पुत्र के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान समाज के कुछ लोगों ने शेष दंड राशि तत्काल जमा करने का दबाव बनाया। आरोप के अनुसार, राशि नहीं देने पर समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल नहीं होने देने और परिवार का बहिष्कार करने की धमकी दी गई, जिसके कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

शिकायत में दीपक गंधर्व ने कहा है कि भारतीय संविधान अंतर्जातीय विवाह को मान्यता और संरक्षण देता है तथा किसी भी व्यक्ति या परिवार पर ऐसे विवाह के कारण सामाजिक या आर्थिक दंड नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने गंधर्व विवाह की ऐतिहासिक एवं धार्मिक अवधारणा का उल्लेख करते हुए समाज के कुछ पदाधिकारियों पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया है।

इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए प्रकरण की जांच की प्रक्रिया शुरू करने तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की सलाह दी है। मामले में समाज के पदाधिकारियों का पक्ष सामने आना शेष है।

## रणवीरपुर में सामूहिक रूप से सुनी गई पीएम के कार्यक्रम...

**रणवीरपुर।** रणवीरपुर स्थित जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र विधायक कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का लाइव प्रसारण भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना तथा उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी संदेश बताया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने समाज, संस्कृति, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खेल, जनभागीदारी तथा राष्ट्र निर्माण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने देशवासियों से सेवा, नवाचार और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि'मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के लिए प्रेरित करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया। आयोजन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



# पंडरिया विधायक सदन रायपुर में योग दिवस का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक सदन रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है इस संदेश के साथ सभी ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया ।

खास बात ये रही कि विधायक सदन में इलाज हेतु दूर दराज से पहुंचे मरीजों और उनके परिवार वालों ने भी बढ़-चढ़कर योग में हिस्सा ले रहे है । जनसेवा के साथ जन-स्वास्थ्य का संकल्प भी लिया गया। जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केन्द्र विधायक कार्यालय, रणवीरपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का लाइव प्रसारण भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने समाज, संस्कृति, नवाचार, टेक्नोलॉजी, खेल एवं जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरणादायी विचार साझा किए।

मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को सकारात्मक परिवर्तन और जनसेवा के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री के विचार सदैव राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी एवं सेवा के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं।



**1.13 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी जीवनरक्षक दवा की दो बूंद**

# जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कवर्धा में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी द्वारा बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की दो बूंद पिलाकर किया गया।

अभियान के तहत जिले के सभी पोलियो बूथों पर जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई गई। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तूरे ने बताया कि जिले में इस अभियान के अंतर्गत कुल 1 लाख 13 हजार 83 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इनमें विकासखंड कवर्धा के 28,525, बोड़ला के 24,758, सहसपुर लोहारा के 20,175 तथा पंडरिया के 39,625 बच्चे शामिल हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 939 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। साथ ही जिला स्तरीय निगरानी दल द्वारा विभिन्न विकासखंडों में अभियान का निरीक्षण भी किया गया। डॉ. तूरे ने बताया कि भारत में वर्ष 2011 के बाद से पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

इसके बावजूद पोलियो मुक्त स्थिति बनाए रखने के लिए नियमित सर्विलांस और पल्स पोलियो अभियान लगातार संचालित किए जाते है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को एक साथ पोलियो की अतिरिक्त खुराक देना संक्रमण की संभावनाओं को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



### उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में चलाया जाएगा अभियान

डॉ. डीके तूरे ने बताया कि विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, जैसे गुड़ फैक्ट्री, ईंट-भट्ठे, बस स्टैंड, घुमंतू बस्तियों तथा शहरी स्लम क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और वहां छूटे हुए बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सलिल मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल थूदगर, डॉ. मुकुंद राव, जयंत कुमार, नेतराम साहू, श्रीमती आराधना बंजारे, सुश्री आकांक्षा, दुर्गेश गुप्ता एवं विकास विश्वकर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं आरएचओ महिला श्रीमती अश्वनी श्रीवास्तव एवं श्रीमती झरोखा कौशिक ने बूथ पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

# कबीरधाम जिले में आज से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान सहकारिता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने तथा विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए उप आयुक्त एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, कबीरधाम द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार सहकारिता सप्ताह के दौरान जिले एवं विकासखंड स्तर पर जागरूकता अभियान, सहकारिता विषयक गतिविधियां, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की निगरानी, समन्वय और सफल क्रियान्वयन के लिए अलग-अलग अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्रीमती विनिता ध्रुव को जिला स्तर पर सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं आरके ध्रुव को कवर्धा, एके वैष्णव को पंडरिया, केके देवांगन को बोड़ला तथा प्रवेश तिवारी को सहसपुर लोहारा विकासखंड का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश में निर्देशित किया गया है कि सभी नोडल अधिकारी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करेंगे।



## सार समाचार

### बिजली योजना से चौहान दंपत्ति बने ऊर्जादाता

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो घरों को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली बिल



कम करना एवं मुफ्त बिजली प्रदान करना है। इस योजना अंतर्गत चौहान दंपति हर्षराज चौहान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं शिल्पा चौहान सहायक पशु चिकित्सक क्षेत्र अधिकारी ने अपने घर की छत पर 3 किलो वाट का वारी सोलर पैनल लगवाए हैं, जो आम व्यक्तियों, नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि एक स्वच्छ वातावरण एवं नवीनीकरण ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। रिद्धी-सिद्धी फेस-टू निवासी हर्षराज चौहान एवं शिल्पा चौहान ने बताया कि हर घर यह सौर ऊर्जा होना चाहिए और इसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यह केवल बिजली खर्च में कमी नहीं लाएगी, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में भी हमें आत्मनिर्भर बनाएगी। यह योजना न केवल मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों को बिजली बिल की चिंता से मुक्त करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उन्होंने बताया कि इस सोलर प्लांट के माध्यम से उनके घर की बिजली संबंधी जो भी आवश्यकता है, उसे अब सौर ऊर्जा से पूर्ति होगी। जिससे ग्रिड पर निर्भरता कम होगी।

### राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

# जिले में 213 बूथों पर बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की, 53 हजार से उपर लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का सिविल अस्पताल विधायक यशोदा वर्मा, जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने बच्चों को पोलियो वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और जिले के सभी अभिभावकों से 0 से 5 साल के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने की अपील की। 53 हजार 344 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित कर अभियान के प्रथम चरण में जिले के सभी ग्रामों एवं चिन्हांकित शहरी वार्डों में स्थापित 213 पोलियो बूथों के माध्यम से बच्चों को खुराक पिलाई गई। प्रत्येक बूथ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, डॉ. पंकज वैष्णव, डीडीएम खिलेश साहू, डीएएम नवीन चौहान, जिला आ र एम ए न सी ए च ए कंसल्टेंट कीर्ति चतुर्बिदानी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




#### घर-घर जाकर पिलाएंगे दवा

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से स्वास्थ्य विभाग के अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 213 बूथ, 427 टीकाकरण दल, 854 दल सदस्य तथा 43 पर्यविक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 व 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाएंगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बोधन सिंह परते ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन विश्व के कुछ देशों में अभी भी पोलियो वायरस मौजूद है। इसलिए प्रत्येक अभियान में सभी बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक दिलाना जरूरी है।

### 30 को अग्रसेन भवन में विशेष पोलियो बूथ

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 30 जून को अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे राजनांदगांव में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए विशेष पोलियो बूथ लगाया जाएगा। इस अभियान में अग्रवाल समाज शासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनजागरूकता एवं सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने शहर एवं आसपास के सभी वर्ग के अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित केंद्र पर अवश्य लेकर आएं और पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाकर उन्हें आजीवन अपंगता से सुरक्षित रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन तभी संभव है, जब कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। समाज के स्वयंसेवक अभियान के दौरान नागरिकों को जागरूक करने एवं अधिक से अधिक बच्चों तक पोलियो की खुराक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। अग्रवाल समाज ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें तथा अपने आसपास के परिवारों को भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने प्रेरित करें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी।

## यात्री प्रतिक्षालय का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

#### वार्डवासियों ने सौगात के लिए जताया आभार



मोहारा वार्ड विकास घोषणा अंतर्गत विधायक निधि अंतर्गत मोहारा में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित यात्री प्रतिक्षालय का आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह ने फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू की उपस्थिति रही।

मोहारा में यात्री प्रतिक्षालय लोकार्पण अवसर पर मोहारावासियों की उपस्थिति देखकर उन्होंने कहा कि इस छोटे से कार्यक्रम में इतनी अधिक संख्या में वार्डवासियों के उत्साह को दर्शाता है। मोहारावासियों की सुविधा के लिए विधायक निधि से यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार वार्डो में विकास कार्य कराए जाएंगे।

मोहारा पार्षद आलोक श्रोती सहित वार्डवासियों ने मोहारा मेला स्थल से लेकर ऑक्सीजोन तक 49 करोड़ की लागत से बनने वाले सस्पेंशन ब्रिज की घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव का आभार एवं धन्यवाद दिया। साथ ही मोहारा मेला स्थल को विकसित करने की जा रही पहल के लिए वार्डवासियों द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई।

कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने यात्री प्रतिक्षालय के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. रमन सिंह का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित मोहारा के पार्षद आलोक श्रोती, पार्षद शिव वर्मा, संजय रजक, रघुवीर वाधवा, हकीम खान, रमेश निर्मलकर, देवी श्रोती, परशुराम प्रजापति, रामकुमार देवांगन, मोहन तिवारी, देवकी देवांगन, भुवनेश्वरी सिन्हा, कीर्ति प्रजापति, सुरेश सिंहा, दुबेश प्रजापति, सोहन प्रजापति, ढोलू प्रजापति, लक्की देवांगन, मीना सोनकर, रामकिशुन सोनकर, खेलन सोनकर, राजेंद्र सिन्हा, उमाशंकर यादव, महादेव प्रजापति, गौरव धनवानी, ज्योति यादव, रेवतीरमण वैष्णव, रामेश्वर प्रजापति, दीपक सिन्हा, ऋषि तिवारी, रूपेंद्र शर्मा सहित वार्डवासियों ने पुष्पगुच्छ से

## महापौर मधुसूदन ने सुनी 'मन की बात'



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का लाईव प्रसारण आज देशभर में देखा गया।

महापौर मधुसूदन यादव ने भी आज मोतीपुर वार्ड अंतर्गत स्थित अपने निज निवास पर सपरिवार मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण टीवी पर देखा। महापौर मधुसूदन ने अपने घर पर प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को आयोजित जनदर्शन एवं जनसंपर्क के व्यस्त शेड्यूल में से समय निकालकर अपने परिवारजनों, इष्टमित्रों एवं वार्डवासियों को साथ इस कार्यक्रम का एपिसोड देखा और एपिसोड देखने के पश्चात उपस्थितजनों को बताया कि पीएम मोदी के प्रेरणादायी विचारों और जनहित के विषयों से समाजसेवा का उनका संकल्प सुदृढ़ होता है।

मन की बात का लाईव प्रसारण देखने महापौर के साथ उनके निवास पर मनोहर यादव, मनीष जैन, सरिता सिन्हा, करन कोसरे, रिभय यादव, महेश मोहबे, योगराज जगने, अंश कुमार कन्नौजे, रवि बंजारे, रिषभ मल्ल, निखिल सिन्हा, विकास गजभिये, करन पाल, प्रशांत रजक, सोनू कोसरे, नोहर किसर, यश देवांगन, प्रिंस जागने एवं अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## विस अध्यक्ष ने स्कूल का निरीक्षण कर छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शनिवार को राजनांदगांव प्रवास के दौरान हीरामोती वार्ड क्रमांक 39 स्थित गंजपारा स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे उन्नयन एवं विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया तथा कार्यों की गुणवत्ता और शिक्षा के बेहतर वातावरण के लिए किए गए प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने शाला के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, चेम्बर ऑफ कार्मस अध्यक्ष कमलेश बैद समेत राजा माखीजा, रवि सिन्हा, जैनम बैद, सतीष साहू, विजय राय, मुकेश ध्रुव उपस्थित थे।

महापौर श्री यादव ने डॉ. रमन सिंह का स्वागत करते विद्यालय में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गंजपारा स्कूल जर्जर हो रहा था। जिसका मरम्मत कर जीर्णोद्वार किया गया है, बॉउंड्रीवॉल का निर्माण कर निजी स्कूल की तरह क्लास रूम को मार्डन क्लास बनाया गया है।

पार्षद श्री सिन्हा ने शाला में उपस्थिति के लिए विस अध्यक्ष सहित उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिसर में किए जा रहे कार्यों को देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इसकी सराहना की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी पहल बताया। स्कूल आगमन पर डॉ. रमन सिंह का महापौर सहित निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष तथा पार्षदों एवं शाला प्राचार्य राबिया सदाब ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि के अलावा शाला के शिक्षक, विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



#### शिक्षा के लिए अनुकरणीय प्रयास

निरीक्षण के दौरान विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए इस प्रकार के प्रयास अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का विकास भविष्य की पीढ़ी के निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने महापौर मधुसूदन यादव एवं वार्ड पार्षद रवि सिन्हा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विशेष प्रशंसा करते कहा कि जनप्रतिनिधियों की सकारात्मक पहल से शासकीय विद्यालयों का स्वरूप बदल रहा है और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। उन्होंने इन कार्यों को उत्कृष्ट बताते भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं शिक्षा के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

## मेगा करियर गाइडेंस फेयर का शानदार आयोजन

**राजनांदगांव।** युवाओं के भविष्य को सही दिशा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ नांदगांव एवं इंटेक के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल मेगा करियर गाइडेंस फेयर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजनांदगांव के 12वीं पास विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण लायंस के वरिष्ठ सदस्य लायन अशोक कोटडिया के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और उनके पालकों ने हिस्सा लिया।

लायंस क्लब ऑफ नांदगांव अध्यक्ष राजेश कोटडिया ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में छात्रों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते इस फेयर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के प्रभारी राहुल लालवानी ने बताया कि इस मेगा फेयर में देश के लगभग 20 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों (यूनिवर्सिटीज) के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। फेयर में पहुंचे 300 से अधिक बच्चों को विभिन्न उच्च शिक्षा कोर्सेज, करियर के नए विकल्पों तथा मिलने वाली स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) के बारे में विस्तार से जागरूक और मार्गदर्शित किया गया। इंटेक के कन्वेनर डॉ. आनंद वर्गीस ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी रूचि अनुसार शिक्षा से जुड़े सटीक निर्णय ले सके, इस उद्देश्य से देश के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी को राजनांदगांव में आमंत्रित किया गया है। इंटेक के डॉ. आशीष यूनुस द्वारा सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज में संपर्क कर उन्हें इस महंती कार्यक्रम के बारे में सम्मिलित होने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उनकी विशिष्ट भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान राजेश कोटडिया, योगेश गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, अशोक कोटड़िया, संदीप सिंह, आनंद वर्गीश, नवीन तिवारी, दिनेश पत्रा, कपिल वरु, ऋषभ नाहटा और आकाश चोपड़ा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने अपनी सराहनीय सेवाएं दी। उक्त जानकारी अमलेन्दु हाजरा ने दी।




## पार्षद ने किया बूथों का निरीक्षण

■ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों ने पी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 39 में पार्षद रवि सिन्हा ने विभिन्न पोलियो बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाई।



उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं मितानिनों के कार्यों की सराहना करते कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। यदि कोई बच्चा पहले दिन छूट गया है तो 29 एवं 30 जून को घर-घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें।

पार्षद श्री सिन्हा ने वार्डवासियों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, मि ता नि न , जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## महोत्सव की पूर्व संध्या निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सद्गुरुराज कबीर प्रगट महोत्सव पर जिला स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की पूर्व संध्या पर आज शहर में अनुयायियों द्वारा मोटर साइकिल रैली शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

रैली शोभायात्रा की शुरूआत सद्गुरु कबीर चौक अग्रवाल ट्रांसपोर्ट जीई रोड से की गई। इस अवसर यहां प्रवेश द्वार का भूमिपूजन किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से सदगुरु कबीर दास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे लोगों ने सफेद वस्त्र और श्वेत ध्वज धारण कर साहेब बंदगी का जयकारा लगाते चल रहे थे। इस दौरान अनुयायियों द्वारा कबीर साहेब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।



#### बनाई गई आकर्षक झांकी

शोभायात्रा में सद्गुरू कबीर साहेब के बाल स्वरूप पर आकर्षक झांकी भी बनाई गई थी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी किया गया। मोटर साइकिल शोभायात्रा नंदई चौक स्थित सामुदायिक भवन में पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सद्गुरू भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया।

#### बड़ी संख्या में शामिल हुए अनुयायी

शोभायात्रा में कबीर पंथ समाज के अध्यक्ष भवानी साहू, उपाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी, रूपदास साहू, सचिव किशनदास साहू सहित संतोष साहू, पोषण मानिकपुरी, कुशल साहू, चिंताराम साहू, मोरध्वज साहू, गुरूदयाल सिंह साहू, नारायण साहू, बिसाहूराम साहू, महेन्द्र साहू, जेडी साहू, लालदास साहू, दुर्गाराम साहू, तिलक साहू, चुरामन साहू, धनेश साहू, चेतन मानिकपुरी, मोहित साहू, गनेश्वर साहू और बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए।

## पूर्व जिपं सभापति घम्मन ने किया बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के टोलागॉव स्कूल में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में नवप्रवेशियों को स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से शुभारंभ बाद मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चो का तिलक लगाकर, पुष्प व मिठाई देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।



मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए सभी बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने का आग्रह किया। बच्चों को तन मन लगाकर पढ़ाई करने पर जोर देते हुए कहा कि अच्छे से पढ़ लिखकर अपने माता पिता, स्कूल व गांव का नाम रोशन करे वही स्कूल की समस्याओं का शासन स्तर पर समाधान का आश्वासन दिया। शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अध्यक्षता विष्णु साहू ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिक्षकों को बच्चों को अच्छे से शिक्षा दीक्षा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सरपंच देवेन्द्र साहू ने भी शाला प्रवेशी नए बच्चों को बधाई देते हुए पढ़ लिखकर स्कूल का नाम रोशन करने का आह्वान किया और शाला की समस्याओ से अतिथियो को अवगत कराते हुए निदान की मांग की। स्वागत बाद नए विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। हाईस्कूल प्राचार्य रविंद्र चावड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए शालेय प्रतिवेदन का वाचन किया। इस दौरान जनपद सदस्य खेमलता साहू, उप सरपंच सुरीतदास साहू, भक्तूदास साहू, बीरबल साहू, गौतम साहू, विजय साहू, संतराम साहू बीरबल साहू सहित शाला स्टाफ के सरिता यादव, हेमबाला साहू सहित पालक व ग्रामीण मौजूद थे।



**समस्या : प्रमोशन के बाद नहीं मिली नई पदस्थापना, छात्रों का भविष्य अधर में**

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहे कोलेगांव के स्कूल, पढ़ाई पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित प्राथमिक शाला और हाई स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से छात्र-छात्राओं की नियमित पढ़ाई और पाठ्यक्रम पूरा कराने में कठिनाई आ रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शिक्षकों की कमी की गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराना विद्यालय प्रबंधन के लिए चुनौती बन गया है।

ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों तथा समाचार माध्यमों के जरिए इस समस्या से शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। पहले से पदस्थ कुछ शिक्षकों का पदोन्नति के बाद अन्य स्थानों पर स्थानांतरण हो गया, लेकिन उनके स्थान पर नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई। इससे विद्यालयों में शिक्षकों का कार्यभार बढ़ गया है और विद्यार्थियों को कई विषयों की नियमित पढ़ाई नहीं मिल पा रही है। प्राथमिक शाला कोलेगांव में वर्तमान में प्रधान पाठक सहित केवल दो शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि यहां 69 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और प्रवेश प्रक्रिया अभी भी जारी है।

विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के बावजूद शिक्षकों की संख्या में वृद्धि नहीं होने से प्रत्येक शिक्षक पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है। इसका सीधा असर बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर पड़ रहा है।

इसी प्रकार हाई स्कूल कोलेगांव में प्राचार्य सहित केवल तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि कक्षा 9वीं एवं 10वीं में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में कुछ विषयों के शिक्षकों की कमी बनी हुई है, जिसके कारण संबंधित विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है।




**रिक्त पदों पर जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की जाए**

ग्रामीणों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोलेगांव के हाई स्कूल एवं पूर्व प्राथमिक शाला में रिक्त पदों पर जल्द से जल्द योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई तो विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि शिक्षा विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उनका पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके।

# बारिश बनी मुसीबत, घरों में घुसा गंदा पानी, गलियां तालाब में तब्दील

## सीसी रोड व पक्की नाली नहीं होने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बारिश शुरू होते ही ग्राम पंचायत नेवारी के कई वार्डों में जलभराव और कीचड़ की समस्या ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सीसी रोड और पक्की नाली के अभाव में बारिश का पानी और घरों से निकलने वाला गंदा पानी गलियों में भरकर अब लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर गलियां तालाब में तब्दील हो गई हैं और लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को पहले भी कई बार उठाया जा चुका है। पंचायत द्वारा अस्थायी समाधान के तौर पर गलियों में मुरुम डलवाया गया था, लेकिन बारिश के बाद वही मुरुम कीचड़ में बदल गया। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से समस्या पहले से और गंभीर हो गई है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मवेशियों के आवागमन में भी कठिनाई हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति निर्मित होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। गांव में सीसी रोड और पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है।

समस्या से परेशान वार्डवासियों ने उप मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक विजय शर्मा को आवेदन सौंपकर सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग की है। वहीं कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी ने भी गांव का दौरा कर समस्या का जायजा लिया और शासन-प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की थी।

**ग्रामीण रहवासी मूलभूत सुविधा से वंचित**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के दौरान होने वाली इस गंभीर समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द सीसी रोड और पक्की नाली निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को हर साल होने वाली परेशानी से स्थायी राहत मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### भाजयुमो कुण्डा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित







**कुण्डा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम ने मंडल संगठन का विस्तार करते हुए कुण्डा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश एवं जिला नेतृत्व की सहमति से जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने देवेंद्र चंद्रवंशी को कुण्डा मंडल अध्यक्ष तथा निलेश गुप्ता एवं फिरतू साहू को मंडल महामंत्री नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए सक्रियता से कार्य करने का भरोसा दिलाया। नियुक्ति के बाद विधायक भावना बोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीनों पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### उप अंकेक्षक भर्ती परीक्षा 5 जुलाई को

**कवर्धा।** छग व्यापमं सहकारिता पंजीयक, सहकारी संस्थाएं अंतर्गत उप अंकेक्षक पदों पर भर्ती करेगा। इसके लिए परीक्षा 5 जुलाई को सुबह 10 से 12:15 बजे तक होगी। अभ्यर्थी वेबसाइट vyapameg cgstate.gov.in पर उपलब्ध लिंक से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात 135वें कड़ी पदाधिकारियों ने सुनी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित मन की बात भारत के प्रधानमंत्री का एक लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम के 135वें कड़ी मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण कवर्धा विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 267 के प्रमुख पदाधिकारियों ने सुना मन की बात।

इस 135वें कड़ी में प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उनके संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर, ज्योति चंद्राकर, कमलेश द्विवेदी, भोलाराम सिन्हा, परमेश्वर साहू, मणिशंकर साहू, गजानंद साहू, गोपाल साहू, दुर्गेश जायसवाल, संतोष गोस्वामी, श्रीमती ज्योति केशरवानी, श्रीमती पिंकी साहू, श्रीमती श्रद्धा चंद्रवंशी, श्रीमती सुमन गुप्ता, सुशील कुमार झारिया, प्रदीप आस्था, मनीराम साहू, सहित बूथ पदाधिकारीयों के साथ मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना गया।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो मुक्त भारत के लिए हर बच्चे को मिले दो बूंद जिंदगी की: अग्रवाल

- 0 से 5 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियों दवा पिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिलेभर में रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। ग्राम रौचन स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में अभियान का शुभारंभ जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया।

इस अवसर पर नितेश अग्रवाल ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी पालकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखना है और इसमें जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बचपन ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, सुरक्षित और पोलियो जैसी बीमारी से पूरी तरह मुक्त रह सके।



कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, राजेश साहू, लक्ष्मण श्रीवास, कुपलाल साहू, बाली पटेल, मालिक राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें। अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर लोगों को नियमित टीकाकरण के प्रति भी जन-जागरूक किया गया।

# कबीरधाम भाजयुमो में संगठन विस्तार, 14 मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्रियों की घोषणा

- नई टीम को युवाओं को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजयुमो ने संगठन विस्तार के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की नियुक्ति की है। प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला संगठन की सहमति से जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने नई टीम की घोषणा की।

जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता उसकी सबसे बड़ी ताकत है। नई टीम युवाओं को संगठन से जोड़ने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। घोषित सूची के अनुसार कवर्धा शहर मंडल का अध्यक्ष डोनेश राजपूत, कवर्धा ग्रामीण का खिलेश बंजारे, बोड़ला का अजय वर्मा, पिपरिया का शैलेन्द्र साहू, लोहारा का जितेन्द्र पाली, रेंगाखार का राजेश निषाद, भोरमदेव का धर्मेन्द्र पटेल, रणवीरपुर का सूर्या कौशिक, पंडरिया का हरी साहू, कुण्डा का देवेन्द्र चन्द्रवंशी, दुल्लापुर का परमेश यादव, इन्दौरी का उमेश्वर साहू, कुकदूर का राकेश पंदराम तथा पांडातराई का सिद्धांत मिश्रा को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। सभी मंडलों में दो-दो महामंत्रियों की भी नियुक्ति की गई है।



**नई टीम पर संगठन विस्तार और जनसंपर्क बढ़ाने की जिम्मेदारी**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों का दायित्व केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने, बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनहित के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य भी करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा की नई टीम संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेगी।

# शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को गणवेश, पुस्तक व सायकिल वितरित

- गणवेश, पुस्तक व सायकिल पाकर खिल उठें चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वीरेंद्र नगर में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 ली, छठवीं एवं नवमी कक्षा के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, नई स्कूल ड्रेस तथा नवमी कक्षा के विद्यार्थियों को सायकिले वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। सायकिल पाकर छात्राओं ने खुशी जताई। बताया गया कि इससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित नहीं होगी। शाला प्रवेश उत्सव में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मालिक राम पटेल, उपाध्यक्ष संतोष साहू, पंचगण, पालक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम में प्राचार्य देवेंद्र कुमार नेताम, बीआर कौशिक, बीएस नेताम, जनकराम मोहले सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता निभाई।



**भाजपा के डिजिटल अभियान को मिलेगी नई मजबूती**

# कुण्डा में डीएलपी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

- 70 बूथों तक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण पहुंचाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भाजपा कुण्डा मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रुबान भवन, कुंडा में किया गया। कार्यशाला में बूथ स्तर तक संगठन को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और सभी 70 बूथों पर डीएलपी प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश नेतृत्व के निर्देश, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन तथा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में हुआ। मंडल अध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठन में डिजिटल तकनीक की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। मंडल प्रभारी रूपेश जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यशाला में विषय प्रशिक्षक के रूप में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के संचालन, उपयोग और प्रशिक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संतोष चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर दिनेश मिश्रा, सुरेश दुबे, ओम यदु, रामस्वरूप साहू, कृष्ण चंद्राकर, महेंद्र घृतलहरे, संगीता निर्मलकर, सरिता वैष्णव, भानुमती साहू, मोहन चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, गीताराम साहू, कपिल चंद्राकर, गणेश यादव, अश्वनी यदु, रामेश्वर साहू, शशांक शर्मा सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।



